शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

अभ्यास प्रश्न पत्र (मध्यावधि परीक्षा)

सत्रः 2025–26

कक्षा 10

सामाजिक विज्ञान

समय 3 घण्टा अधिकतम अंकः 80

**सामान्य निर्देश:**

1. पत्र में कुल 38 प्रश्न है, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
2. प्रश्न पत्र चार खंडों में विभाजित है- खंड क: इतिहास, खंड ख: भूगोल, खंड ग: राजनीतिक विज्ञान और खंड घ: अर्थशास्त्र।
3. प्रत्येक खंड 20 अंकों का है और इसमें बहुविकल्पीय प्रश्न, अति लघु उत्तरीय प्रश्न, लघु उत्तरीय प्रश्न, दीर्घ उत्तरीय प्रश्न और केस आधारित प्रश्न शामिल हैं।
4. अति लघुउत्तरीय प्रश्न प्रत्येक दो अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
5. लघु उत्तरीय प्रश्न प्रत्येक तीन अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
6. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न प्रत्येक पांच अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
7. केस आधारित प्रश्न में तीन उप प्रश्न हैं और ये प्रत्येक चार अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
8. मानचित्र आधारित प्रश्नः पांच अंक के हैं, जिसमें दो भाग हैं- खंड क: इतिहास (दो अंक) और खंड ख: भूगोल (तीन अंक)।
9. प्रश्न पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। हालांकि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर देना अनिवार्य है।
10. इसके अतिरिक्त यह नोट करें कि दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए ऐसे प्रश्नों के स्थान पर पृथक प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें दृश्य संकेत या मानचित्र आधारित जानकारी होती है। ऐसे प्रश्नः केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों द्वारा ही हल किए जाने हैं।

| | | |
|---|---|---|
| | **खण्ड क**<br>**इतिहास** | 20 |
| 1. | उचित विकल्प की सहायता से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।<br>जेम्स वॉट ने ......................... द्वारा बनाए गए भाप के इंजन में सुधार किया।<br>विकल्प<br>A. न्यूकॉमेन<br>B. न्यूवर्कर<br>C. न्यूसोशल<br>D. मैथ्यू बूल्टन | 1 |
| 2. | गलत कथन की पहचान कीजिए।<br>A. बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने वन्दे मातरम् की रचना की।<br>B. महात्मा गांधी ने चंपारण में नील किसानों के आंदोलन का नेतृत्व किया।<br>C. पंडित जवाहर लाल नेहरू ने हिन्द स्वराज नामक पुस्तक की रचना की।<br>D. नटेसा शास्त्री ने द फोकलोर्स ऑफ सदर्न इंडिया के नाम से तमिल लोक कथाओं का संकलन प्रकाशित किया। | 1 |
| 3. | ज्युसेपी मेत्सिनी के संदर्भ में कथन को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>1. मेत्सिनी को लिगुरिया में क्रांति करने के कारण बहिष्कृत किया गया।<br>2. मेत्सिनी यंग इटली व यंग यूरोप नामक संगठन का निर्माण किया।<br>3. मेत्सिनी ने मैटरनिख को सामाजिक व्यवस्था का सबसे खतरनाक दुश्मन बताया।<br>विकल्प<br>A. केवल 1<br>B. केवल 2<br>C. केवल 1 व 2<br>D. 1,2 व 3 | 1 |
| 4. | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन में पूर्ण स्वराज्य की मांग को स्वीकार किया गया?<br>A. कराची अधिवेशन<br>B. लाहौर अधिवेशन<br>C. मद्रास अधिवेशन<br>D. नागपुर अधिवेशन | 1 |
| 5. | 'बागानों में काम करने वाले लोगो की महात्मा गाँधी के विचार एवं स्वराज को लेकर अपनी अवधारणा थी'। कथन की समीक्षा कीजिए। | **2** |
| 6. | भारत के स्वतंत्रता संग्राम में विभिन्न जाति, धर्म एवं भाषा के लोगों में किस प्रकार सामूहिक अपनेपन का भाव विकसित हुआ? | **3** |
| 7. | A. "क्रांतिकारी फ्रांस उदारवादी प्रजातंत्र का पहला राजनीतिक प्रयोग था।" कथन का मूल्यांकन कीजिए।<br>अथवा<br>B. जर्मनी के एकीकरण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। | **5**<br><br>**5** |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>सत्रहवीं और अठारहवीं शताब्दी में यूरोपीय शहरों के सौदागर उत्पादन के लिए गाँवों की तरफ़ रुख करने लगे थे। इसके कारण शहरों और गाँवों के बीच एक घनिष्ठ संबंध विकसित हुआ। सौदागर रहते तो शहरों में थे लेकिन उनके लिए काम ज़्यादातर देहात में चलता था। इंग्लैंड के कपड़ा व्यवसायी स्टेप्लर्स (Staplers) से ऊन खरीदते थे और उसे सूत कातने वालों के पास पहुँचा देते थे। इससे जो धागा मिलता था उसे बुनकरों, फुलर्ज़ (Fullers), और रंगसाज़ों के पास ले जाया जाता था। लंदन में कपड़ों की फिनिशिंग होती थी। इसके बाद निर्यातक व्यापारी कपड़े को अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में बेच देते थे। इसीलिए लंदन को तो फिनिशिंग सेंटर के रूप में ही जाना जाने लगा था। यह आदि-औद्योगिक व्यवस्था व्यवसायिक आदान-प्रदान के नेटवर्क का हिस्सा थी। इस पर सौदागरों का नियंत्रण था और चीज़ों का उत्पादन कारखानों की बजाय घरों में होता था। उत्पादन के प्रत्येक चरण में प्रत्येक सौदागर 20-25 मज़दूरों से काम करवाता था। इसका मतलब यह था कि कपड़ों के हर सौदागर के पास सैकड़ों मज़दूर काम करते थे।<br><br>**8.1 शहरों और गाँवों के बीच एक घनिष्ठ संबंध कैसे विकसित हुआ?**<br>**8.2 किस शहर को फिनिशिंग सेंटर के रूप में जाना जाता था?**<br>**8.3 उत्पादन की आदि-औद्योगिक व्यवस्था आधुनिक औद्योगिक व्यवस्था से किस प्रकार भिन्न थी?** | 4<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>1<br>1<br>2 |
| 9. | मानचित्र आधारित प्रश्न 2 अंक<br>भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र पर दो स्थानों को A और B से अंकित किया गया है। इन स्थानों को नीचे दी गई जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए:<br>(i) उस स्थान की पहचान कीजिए जहाँ सितम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था।<br>(ii) उस स्थान की पहचान कीजिए जहाँ महात्मा गांधी ने सूती कपड़ा मिल मजदूरों के लिए आंदोलन किया।<br><br>नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 9 के स्थान पर हैं।<br>(9.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ सितम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ।<br>(9.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महात्मा गांधी ने सूती कपड़ा मिल मजदूरों के लिए आंदोलन किया। | 2x1=2<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>1<br><br>1 |
| | **खण्ड ख**<br>**भूगोल** | 20 |
| 10. | भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम किस वर्ष लागू हुआ?<br>A. 1957<br>B. 1972<br>C. 1971<br>D. 1987 | **1** |
| 11. | निम्नलिखित विशेषताओं के आधार पर मृदा की पहचान कीजिए।<br>1. इन मृदाओं का निर्माण भारी वर्षा से अत्यधिक निक्षालन (leaching) के कारण हुआ है।<br>2. यह मृदा काजू की कृषि के लिए उपयुक्त है। | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | A. काली मृदा<br>B. वन मृदा<br>C. लेटराइट मृदा<br>D. मरूस्थलीय मृदा | |
| 12. | भैरोदेव डाकव सोंचुरी भारत के किस राज्य में अवस्थित है?<br>A. राजस्थान<br>B. मध्यप्र देश<br>C. हिमाचल प्रदेश<br>D. पंजाब | **1** |
| 13. | गलत मिलान की पहचान कीजिए।<br>A. जलोढ़ मृदा – गन्ने की कृषि<br>B. काली मृदा – कपास की कृषि<br>C. लेटराइट मृदा – काजू की कृषि<br>D. लाल मृदा – सेब की कृषि | **1** |
| 14. | क्या संसाधनों का अति–उपयोग किए बिना भी विकास संभव है? उदाहरण सहित समझाइए। | **2** |
| 15. | वनों के संरक्षण में समुदायों की भूमिका पर संक्षिप्त नोट लिखिए। | **3** |
| 16. | भारत में जल संरक्षण की किन्हीं तीन पारंपरिक विधियों की व्याख्या कीजिए।<br>अथवा<br>जल की मात्रा को न तो घटाया जा सकता है और न ही बढ़ाया जा सकता है।'' कथन की व्याख्या कीजिए। | **3**<br><br>**3** |
| 17. | भारत के संदर्भ में संसाधन नियोजन की आवश्यकताओं का मूल्यांकन कीजिए।<br>अथवा<br>भारत में पाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की मृदाओं की पर एक संक्षिप्त नोट लिखिए। | **5**<br><br>**5** |
| 18. | मानचित्र आधारित प्रश्न 3 अंक<br>भारत के इसी राजनीतिक रेखा–मानचित्र में, निम्नलिखित में से किन्हीं तीन को उपयुक्त चिन्हों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए:<br>I. सलाल बाँध<br>II. टिहरी बाँध<br>III. हीराकुड बाँध<br>IV. नागार्जुन सागर बाँध<br><br>नोटः निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 9 के स्थान पर हैं। किन्हीं तीन प्रश्नो के उत्तर दीजिए।<br>(18.1) उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ सलाल बाँध स्थित है।<br>(18.2) उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ टिहरी बाँध स्थित है।<br>(18.3) उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ हीराकुड बाँध स्थित है।<br>(18.4) उस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ नागार्जुन सागर बाँध स्थित है। | **3x1=3**<br><br>**1**<br>**1**<br>**1**<br>**1** |

| | | |
|---|---|---|
| | **खण्ड ग**<br>**राजनीति – विज्ञान** | **20** |
| 19. | 1956 के कानून के द्वारा श्रीलंका में किस धर्म को संरक्षण प्रदान किया गया?<br>A. जैन धर्म<br>B. इस्लाम धर्म<br>C. ईसाई धर्म<br>D. बौद्ध धर्म | **1** |
| 20. | नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए हैं एक अभिकथन (A) और दूसरा कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br><br>**अभिकथन (A)**: भारत में महिलाओं में साक्षरता की दर पुरूषों की अपेक्षा अभी भी कम है।<br>**कारण (R):** भारतीय समाज अभी भी पितृ–प्रधान है।<br><br>विकल्प :<br>A. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।<br>B. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (A) सही है एवं कारण (R) गलत है।<br>D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है। | **1** |
| 21. | भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में निम्नलिखित में से किस भाषा को शामिल नहीं किया गया है?<br>A. तमिल<br>B. हिन्दी<br>C. जर्मन<br>D. पंजाबी | **1** |
| 22. | सही मिलान करके उचित विकल्प का चयन कीजिए।<br><br><table><tr><td></td><td>स्तंभ क</td><td></td><td>स्तंभ ख</td></tr><tr><td>a</td><td>संघ सूची</td><td>I</td><td>गोद लेना</td></tr><tr><td>b</td><td>राज्य सूची</td><td>II</td><td>संचार</td></tr><tr><td>c</td><td>समवर्ती सूची</td><td>III</td><td>सिंचाई</td></tr></table><br>A. a-I, b- II, c –III<br>B. a-II, b- I, c-III<br>C. a-III, b – I, c- II<br>D. a-II, b-III, c-I | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| 23. | नीचे दो कथन, कथन I और कथन II के रूप में दिए गए हैं। दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**कथन I:** श्रीलंका 1947 में आजाद हुआ।<br>**कथन II:** श्रीलंका में गृहयुद्ध हुआ।<br>**विकल्प**<br>A. कथन I और कथन II दोनों सही है।<br>B. कथन I सही और कथन II गलत है।<br>C. कथन I गलत और कथन II सही है।<br>D. कथन I और कथन II दोनों गलत है। | **1** |
| 24. | यूरोपीय यूनियन का मुख्यालय कहाँ अवस्थित है?<br>A. श्रीलंका<br>B. भारत<br>C. जापान<br>D. ब्रूसेल्स | **1** |
| 25. | A. सत्ता के क्षैतिज वितरण पर संक्षिप्त नोट लिखिए।<br>अथवा<br>B. सत्ता के उर्ध्वाधर वितरण पर संक्षिप्त नोट लिखिए। | **2**<br><br>**2** |
| 26. | धर्म एवं राजनीति के आपसी संबंधों पर महात्मा गांधी के विचारों को स्पष्ट कीजिए। | **3** |
| 27. | A. भारत की भाषा – नीति का मूल्याकंन कीजिए।<br>अथवा<br>B. सत्ता के विक्रेन्दीकरण की आवश्यकता क्यों होती है? स्थानीय स्वशासन की आवश्यकताओं पर चर्चा कीजिए। | **5**<br><br>**5** |
| 28. | अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>'जब हम स्कूली परीक्षाओं के परिणाम पर गौर करते हैं तो देखते हैं कि कई जगह लड़कियों ने बाजी मार ली है और कई जगहों पर उनका प्रदर्शन लड़कों से बेहतर नहीं तो कमतर भी नहीं है। लेकिन आगे की पढ़ाई के दरवाज़े उनके लिए बंद हो जाते हैं क्योंकि माँ बाप अपने संसाधनों को लड़के-लड़की दोनों पर बराबर खर्च करने की जगह लड़कों पर ज्यादा खर्च करना पसंद करते हैं। इस स्थिति के चलते अब भी ऊँची तनख्वाह वाले और ऊँचे पदों पर पहुँचने वाली महिलाओं की संख्या बहुत ही कम है। भारत में औसतन एक स्त्री एक पुरुष की तुलना में रोज़ाना एक घंटा ज्यादा काम करती है पर उसको ज़्यादातर काम के लिए पैसे नहीं मिलते इसलिए अक्सर उसके काम को मूल्यवान नहीं माना जाता। 1976 के समान मजदूरी से सम्बंधित अधिनियम में कहा गया है कि समान काम के लिए समान मजदूरी दी जाएगी। बहरहाल, काम के हर क्षेत्र में यानी खेल-कूद की दुनिया से लेकर सिनेमा के संसार तक और कल-कारखानों से लेकर खेत-खलिहान तक महिलाओं को पुरुषों की तुलना में कम मज़दूरी मिलती है, भले ही दोनों ने समान काम किया हो। भारत के अनेक हिस्सों में माँ-बाप को सिर्फ़ लड़के की चाह होती है। लड़की को जन्म लेने से पहले ही खत्म कर देने के तरीके इसी मानसिकता से पनपते हैं। इससे देश का बाल शिशु अनुपात [प्रति हज़ार लड़कों पर लड़कियों की संख्या] गिरकर 919 रह गया है।'<br><br>**28.1 1976 के समान मजदूरी से सम्बंधित अधिनियम का मुख्य प्रावधान क्या है?**<br>**28.2 भारत में ऊँची तनख्वाह वाले और ऊँचे पदों पर पहुँचने वाली महिलाओं की संख्या कम क्यों है?**<br>**28.3 भारत में घटते बाल शिशु अनुपात के प्रमुख कारण का विश्लेषण कीजिये।** | 4<br><br>1<br>1<br><br>2 |

| | खण्ड घ<br>अर्थशास्त्र | 20 |
|---|---|---|
| 29. | नीचे दी गई सारणी में भारत और उसके पड़ोसी देशों के संबंध में कुछ आंकड़े दिए गए हैं। सारणी को ध्यान से पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। | 1 |

| देश | सकल राष्ट्रीय आय (.आ.रा.स) प्रति व्यक्ति अमेरिकी डॉलर (2017 क्रय शक्ति क्षमता) | जन्म के समय संभावित आयु |
|---|---|---|
| श्रीलंका | 12707 | 75.5 |
| भारत | 6681 | 68.8 |
| म्यांमार | 4961 | 66.7 |
| पाकिस्तान | 5005 | 66.6 |
| नेपाल | 3457 | 70.6 |
| बांग्लादेश | 4976 | 72.8 |

स्रोत : मानव विकास रिपोर्ट 2020, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रमः न्यूयार्क

जन्म के समय सर्वाधिक संभावित आयु (निम्नतम से उच्चतम) के विषय में कौन –सा क्रम सही है?

A. पाकिस्तान, म्यांमार, भारत, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका
B. बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भारत, म्यांमार, पाकिस्तान
C. पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार, भारत
D. पाकिस्तान, श्रीलंका, म्यांमार, बांग्लादेश, नेपाल, भारत

30. गलत मिलान की पहचान कीजिए। **1**

A. प्राथमिक क्षेत्रक – डेयरी
B. प्राथमिक क्षेत्रक – बैंकिंग
C. प्राथमिक क्षेत्रक – मत्स्यन
D. प्राथमिक क्षेत्रक – कृषि

31. नीचे दो कथन दिए गए, अभिकथन (A) और कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए। **1**

**अभिकथन (A)**: एक देश की अर्थव्यवस्था पर संकट का असर दूसरे देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है।

**कारण (R)** : वैश्वीकरण ने देशों की अर्थव्यवस्था को आपस में जोड दिया है।


**विकल्प :**

A. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।
B. अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।
C. अभिकथन (A) सही है एवं कारण (R) गलत ळें
D. अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है।

32. मानव विकास के विषय में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए। **1**

1. यह संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा तैयार किया गया एक समग्र सूचकांक है।
2. इसके मापन के लिए लम्बी उम्र, साक्षरता और प्रति व्यक्ति आय मापदंड है।

| | | |
|---|---|---|
| | 3. विकसित और निम्न विकासशील देशों के अनुसार देशों की रैंकिंग की जाती है।<br>4. विश्व बैंक जीवन की गुणवत्ता के आधार पर मानव विकास की रिपोर्ट तैयार करता है।<br>विकल्प<br>A. केवल 1 और 2<br>B. केवल 2 और 3<br>C. केवल 1 और 3<br>D. केवल 2 और 4 | |
| 33. | विषम की पहचान कीजिए-<br>A. पर्यटन-निर्देशक, धोबी, दर्जी, कुम्हार<br>B. शिक्षक, डॉक्टर, सब्ज़ी विक्रेता, वकील<br>C. डाकिया, मोची, सैनिक, पुलिस कांस्टेबल<br>D. एम.टी.एन.एल., भारतीय रेल, एयर इंडिया, जेट एयरवेज, ऑल इंडिया रेडियो। | **1** |
| 34. | मुद्रा का आधुनिक रूप है-<br>A. पशु धन<br>B. अनाज<br>C. सोने के सिक्के<br>D. कागज़ के करेंसी नोट | **1** |
| 35. | "असंगठित क्षेत्रक में श्रमिकों का शोषण होता है।" क्या आप इस विचार से सहमत है? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिए। | **2** |
| 36. | "एक के लिए जो विकास है वह दूसरे के लिए विकास न हो। यहाँ तक कि वह दूसरे के लिए विनाशकारी भी हो सकता है।" उचित उदाहरणों द्वारा कथन की पुष्टि कीजिए। | **3** |
| 37. | संगठित क्षेत्रक व असंगठित क्षेत्रक की तुलना कीजिए।<br>अथवा<br>अर्थव्यवस्था के निजी क्षेत्रक एवं सार्वजनिक क्षेत्रक के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए। | **5**<br><br>**5** |
| 38. | दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं प्रश्नों के उत्तर दीजिए-<br><br>प्राथमिक और द्वितीयक क्षेत्र के अतिरिक्त आर्थिक गतिविधियों की एक तीसरी कोटि भी है जो तृतीयक क्षेत्र के अंतर्गत आती हैं और उपयुक्त दो क्षेत्रों से भिन्न है। ये गतिविधियाँ प्राथमिक और द्वितीयक क्षेत्र के विकास में मदद करती हैं। ये गतिविधियाँ स्वयं वस्तुओं का उत्पादन नहीं करतीं, बल्कि उत्पादन-प्रक्रिया में सहयोग या मदद करती हैं। जैसे – प्राथमिक और द्वितीयक क्षेत्र द्वारा उत्पादित वस्तुओं को थोक एवं खुदरा विक्रेताओं को बेचने के लिए ट्रकों और ट्रेनों द्वारा परिवहन करने की ज़रूरत पड़ती है। कभी-कभी वस्तुओं को गोदामों में भंडारित करने की आवश्यकता होती है। हमें उत्पादन एवं व्यापार में सहजता के लिए टेलीफोन पर दूसरों से बातचीत करने या प्रचार (संवाद) या बैंकों से ऋण लेने की भी आवश्यकता होती है। परिवहन, भंडारण, संचार, बैंक सेवाएँ आदि तृतीयक गतिविधियों के कुछ उदाहरण हैं।<br><br>**प्रश्न:**<br>**38.1: अर्थव्यवस्था का तृतीयक क्षेत्रक किसे कहते है?**<br>**38.2: तृतीयक क्षेत्रक का एक उदहारण दीजिए।**<br>**38.3: तृतीयक क्षेत्रक हाल के दिनों में क्यों महत्वपूर्ण होता जा रहा है?** | 4<br><br>1<br>1<br>2 |


भारत– राजनैतिक
INDIA-POLITICAL
68°
72°
76°
80°
84°
88°
92°
96°
36°
32°
28°
24°
23½
20°
16°
12°
8°
Tropic of cancer
B
A
Scale
1cm=175 Kms (approx)